एमएसएमई कंपनियों को बैंक ऋण दिलाने में करेंगे सहयोग : सहगल

लखनऊ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने कहा कि एमएसएमई कंपनियों के विकास के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध क राने में सरकार तरह पूरी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों की वित्तीय सहायता के लिए सिडबी और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ वेंचर कैपिटल फंड स्थापित किया जाएगा। वे निर्यात प्रोत्साहन भवन में बृहस्पतिवार को ओडीओपी की साप्ताहिक समीक्षा कर रहे थे।

कहा-सिडबी और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ स्थापित किया जाएगा वेंचर कैपिटल फंड

प्रमुख सचिव ने कहा कि एमएसएमई कंपनियों की वित्तीय समस्या के समाधान के लिए मार्जिन मनी योजना, क्रेडिट गारंटी सहित अन्य योजनाएं शुरू की है। इसके अतिरिक्त एमएसएमई और ओडीओपी इकाइयों को अधिक ऋण देने के लिए सिडबी और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के साथ वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बैंक और वेंचर कैपिटल फंड एमएसएमई के अधिकांश फंड की आवश्यकता का ध्यान रख सकते हैं, लेकिन वे इस क्षेत्र में इक्विटी पूंजी के इंजेक्शन की कमी को संबोधित नहीं कर रहे हैं। इसके लिए एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश ने अगस्त, 2018 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू किया है। अब तक दोनों ने यूपी से 17 एमएसएमई कंपनियों को लिस्ट किया हैं और कई पाइपलाइन में हैं।

उन्होंने दोनों एक्सचेंजों को बुलाकर प्रत्येक जिले में एक्सचेंज लिस्टिंग पात्रता मानदंड को पूरा करने वाली कंपनियों के साथ चर्चा करने के भी निर्देश दिए। ब्यूरो

Amar Ujala | Page - 07 | Date - 20/09/2019